तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 20 मई 2024





## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से दो घायल, उपचार जारी

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानीसागर निवासी सुरेश यादव पिता अस्पतालु यादव उम्र 34 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह वेदान्ता कोल साइडिंग में ट्रेलर चलाता है। 18 मई की शाम करीब 5 बजे को वेदान्ता कोल साइडिंग में ट्रेलर वाहन को खडी कर अपने घर जाने के लिए संतराम पटेल की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 जेए 5558 से जा रहे थे। उसके पीछे संतराम पटेल को बैठा था, वे रानीसागर के पास पहुंचे ही थे कि इसी बीच पीछे से यादव ढाबा के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक तेज गति से उनकी मोटरसाइकिल को ठोकर मारते हुए निकल गया। जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और उसके पीठ तथा संतराम पटेल के सिर मांथे व आंख, हाथ में चोंट आई है।

### मेला देखने गया परिवार घर में हुई चोरी

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुधरीपारा निवासी नटवर लाल सिदार पिता कुंजराम सिदार उम्र 49 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 18 मई की रात्रि करीब 9.30 बजे परिवार के साथ मेला देखने जरेकेला गए थे। वे सभी 19 मई की रात को करीब 1.30 बजे घर वापस लौटे तो देखा कि परछी के मेन गेट के दरवाजा में लगा ताला टुटकर पड़ा था और दोनों कमरों का दरवाजा खुला था। अज्ञात चोरों ने कमरे में दाखिल हो कर पेटी में रखे चंपा माला 04 नग, चांदी की पायल 01 जोड़ी, दीवार लगा एलईडी टीव्ही, धान कुटने वाला मोटर पंप रसोई में रखे 03 नग गैस सिलेंडर, कांस की थाली 02 नग, पीतल का घघरा 01 नग, पीतल का कोंजा एवं कुछ नगदी रकम 2 हजार रूपए नगद कुल 65 हजार रूपए की चोरी कर ली।

### प्रकाश को बनाया शिमला का सह पर्यवेक्षक

**रायगढ़।** पूर्व नगर विधायक प्रकाश नायक को एआईसीसी ने हिमांचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शिमलाएसएसी लोकसभा क्षेत्र में दून विधानसभा क्षेत्र का सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उक्त सूचना पूर्व केंद्रिय मंत्री राजीव शुक्ला सांसद व सदस्य सीडब्ल्यूसी प्रभारी चंडीगढ़ व हिमाचल प्रदेश ने प्रकाश नायक को पत्र प्रेषित कर दी व कहा कि आपकी अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता और योगदान नुभव व प्रतिबद्धता से पार्टी को इस सीट पर लाभ मिलेगा।

### लैलूंगा में अराजक तत्व बेलगाम, कार्रवाई नहीं

**लैलूंगा।** जिले के लैलूंगा नगर थाना क्षेत्र में अराजक तत्व इतने बेलगाम हो गये हैं कि पुलिस को सीनी चुनौती दे रहे हैं। कुछ दिन पहले थाने के करीब चना . मुर्रा बेंचने वाले एक गरीब आदिवासी युवक को करीब आधा दर्जन अराजक तत्वों ने जान से मारने की धमकी देते हुए भयादोहन किया जिसकी शिकायती भी पीडित युवक ने एक स्थानीय पत्रकार के माध्यम से थाने में की किंतु इस पर पुलिस की कोई भी गंभीरता ना दिखाने का परिणाम यह हुआ कि आरोपी अराजक तत्व नगर में बेखौफ घूम लोगों को डराने व धमकाने में लगे हैं। आरोप है कि बेखौफ घूमते बदमाशों पर उचित कार्रवाई की मांग लेकर थाने पंहुचे स्थानीय पत्रकार के साथ भी पुलिस ने बदसलूकी की। पुलिस की इस कार्यशैली से आम जनता में निराशा घर कर रही है वहीं बदमाशों का मनोबल बढ़ता नजर आ रहा है।

### खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आज से

**रायगढ़।** जिला मुख्यालय रायगढ़ में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का 21 दिवसीय आयोजन 20 मई से 9 जून के मध्य सुबह 6 से 8 बजे तक एवं सायं 5 से 7 बजे तक रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में किया जाएगा। खेल प्रशिक्षण शिविर में बास्केट बाल, फुटबाल, ताइक्वांडो, वालीबॉल, तीरंदाजी, स्कैटिंग एवं क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## योजना को जन-जन तक पहुंचाने काडाक विभाग के पास था जिम्मा

# प्रचार प्रसार के अभाव में "अस्त" हुई सूर्योदय मुफ्त बिजली योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिजली बचाने और विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए केन्द्र सरकार की ग्राहकों के लिए शुरू की गई सूर्योदय मुफ्त बिजली योजना दम तोड़ रही है। केन्द्र सरकार सरकार ने भले ही सूर्योदय मुफ्त बिजली योजना शुरू कर दी हो मगर जिले में डाक विभाग की उदासीनता से योजना शुरू होने से पहले ही फ्लॉप हो गई है। योजना में लक्ष्य की तुलना में न के बराबर उपभोक्ताओं के पंजीयन हो पाए हैं। उधर करीब डेढ़ महीने से आचार संहिता जारी रहने से पंजीयन का काम पूरी तरह से बंद है।

दरअसल, योजना को जन जन तक पहुंचाने का जिम्मा डाक विभाग पर था। लेकिन प्रदेश में रायगढ समेत अधिकतर जिले में अपना आधा लक्ष्य भी पूरा नहीं कर पाए हैं। योजना में डाक विभाग नोडल एजेंसी थी। पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवकों को प्रशिक्षण दिया था। जिलों में सभी डाक सेवकों व पोस्टमैन को शामिल किया। पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवकों को ऊर्जा मंत्रालय के एप पर घर.घर जाकर आठ मार्च तक पंजीकरण कराना था। इसके लिए हर डाक सेवक को लक्ष्य दिया गया था।



### उपभोक्ता को यूं खर्च पर मिलती सुविधा

| केवी | लागत | सब्सिडी | खर्चा |
|---|---|---|---|
| 1. | 50 हजार | 30 हजार | 20 हजार |
| 2. | 1 लाख | 60 हजार | 40 हजार |
| 3 | 1.45 लाख | 78 हजार | 67 हजार |
| 4. | 1.85 लाख | 78 हजार | 1.07 लाख |
| 5. | 2.25 लाख | 78 हजार | 1.47 लाख |

### आचार संहिता से भी पड़ा प्रभाव

जिले में सूर्योदय मुफ्त बिजली योजना के लिए उपभोक्ताओं का पंजीयन कराने का लक्ष्य दिया था। इनमें से कुछ ही उपभोक्ताओं के पंजीयन हो पाए हैं। ऐसे में जिले में एक फीसदी भी लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। डाक विभाग का कहना है कि सूर्योदय मुफ्त बिजली योजना में एप के जरिए उपभोक्ताओं के पंजीयन आचार संहिता लगने से पंजीयन बंद है। सरकार से गाइडलाइन आने के बाद ही आगे ग्राहकों का पंजीयन शुरू किया जाएगा।

### पंजीयन के लिए यह था जरूरी

पंजीयन के लिए घर की तस्वीर, ग्राहक का मोबाइल नम्बर, मेल आईडी के नम्बर, उपभोक्ता का नाम, खाता संख्या, बिजली बिल की फोटो की जानकारी अपलोड कर सोलर के लिए पंजीयन करना था। पंजीयन के लक्ष्य दूर की कौड़ी साबित हो रहे हैं।

# ईडब्ल्यूएस आवास दिलाने के नाम पर 2.40 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर निवासी एक महिला सहित उसके तीन भाई बहनों से ईडब्ल्यूएस मकान दिलवाने के नाम पर करीब 2 लाख 40 हजार रूपए की ठगी किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

रिपोर्ट दर्ज कराते हुए रचना दुबे पति यशवंत दुबे निवासी इंदिरा नगर रियापारा ने बताया कि बिनु खान नामक महिला के पति नरिश खान निवासी मौहदापारा ने डायमंड हिल्स कालोनी में स्थित ईडब्ल्यूएस दिलाने के पर उसके साथ तथा उसकी छोटी बहन अर्चना तिवारी उम्र 26 वर्ष और भाई विजय तिवारी उम्र 35 वर्ष एवं चेतना मिश्रा उम्र 32 वर्ष पर अलग अलग किश्तों में करीब 2 लाख 40 हजार रूपए की ठगी की है। प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आगे बताया कि बिनु खान ने उन्हें कालोनी में मकान दिलवाने का झांसा देते हुए उसकी कीमत 2 लाख 40 हजार रूपए बताई और 15-15 हजार रूपए प्रत्येक को अलग से लिया। उसने नगर निगम के



### निगम के अधिकारियों से पहचान बताकर दिया झांसा, कोतवाली क्षेत्र का मामला

अधिकारियों से अच्छी जान पहचान होने की बात कहते हुए यह कहा कि वे निगम के अधिकारियों के साथ मिल कर लोगों को मकान दिलवाने का काम करते हैं। उसकी बातें सुन कर उन्हें मकान मिलने की एक आस जगी। जिसके बाद प्रार्थियां सहित उनके दो भाई बहन अर्चना तिवारी व विजय तिवारी के द्वारा 10-10 हजार रूपये करके 30 हजार रूपए बिनु खान के कहने पर उसके पति नरिश खान को महिन्द्रा आटो सेंटर के बाहर 26 दिसंबर 2023 को दिया। कुछ दिनों बाद बिनु खान का फिर से काल आया और उसने 2-4 मकान खाली होने की बात कही। तब उनकी एक और बहन चेतना मिश्रा निवासी संबलपुर से इस बारे में चर्चा हुई तो उसने भी मकान लेने के लिए हामी भर दी और 10 हजार रूपए अर्चना के बैंक खाते में भेज दिए। जिसके बाद यह राशि भी नरिश खान को दी और चेतना मिश्रा के नाम का फार्म की पावती दे कर वह चला गया।

मकान के बारे में पूछने पर बीते 18 जनवरी 2024 को बिनु खान ने 26 फरवरी 2024 तक सभी को मकान उपलब्ध हो जाने की बात कही। किंतु 26 फरवरी 2024 को मकान नहीं मिला। जिसके बाद बिनु खान ने 12 मार्च 2024 का टाइम दिया। परंतु 12 मार्च को भी उनके द्वारा मकान नहीं दिया गया। इसके बाद जब वे बिनु खान से संपर्क करते तो टालमटोल करती वहीं उसका पति भी फोन रिसीव नहीं करता और फोन रिसीव करने पर गाली गलौज करता है।

# बुलडोजर की चपेट में आने से कर्मी घायल, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित राधे गोविंद स्टील प्लांट के भीतर एक फीडर बुलडोजर की चपेट में आने की वजह से बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में नजदीक के अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

### ■ पूंजीपथरा थाना क्षेत्र राधे गोविंद स्टील प्लांट की घटना

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा स्थित राधे गोविंद स्टील प्लांट में सुदामा राठिया पिता छोटे लाल राठिया उम्र 32 साल निवासी भालूनारा थाना घरघोड़ा हेड फीडर के रूप में काम करता था। बताया जा रहा है कि शनिवार व रविवार की दरम्यानी रात करीब 3 बजे वह प्लांट के भीतर ही क्रेशर यार्ड में अपने काम में व्यस्त था। इसी बीच वहां कार्य पर लगे एक बुलडोजर चालक ने बुलडोजर को पीछे की ओर लाया, इसी बीच सुदामा इसकी चपेट में आ गया। इस दुर्घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया, ऐसे में उसे किसी तरह समीपस्थ अस्पताल में लाया गया, जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए जांच में जुट गई। पुलिस द्वारा मृतक के साथ कार्यरत अन्य मजदूरों व कर्मचारियों से भी इस घटना के बारे में पूछताछ कर रही है।

# मुख्य मार्ग पर दिखा हाथियों का दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के कीधा से होते हुए खर्रा गांव की ओर हाथियों का एक बड़ा दल शनिवार की मध्य रात्रि को विचरण करते हुए नजर आया। हाथियों के इस दल के द्वारा ग्राम कीधा निवासी एक किसान के

### ■ ग्राम कीधा में किसान की फसलों को पहुंचाया नुकसान

खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाने की बात समाने आ रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों करीब 70 से अधिक गजराज अलग अलग वन परिक्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों से लगातार हाथियों का यह दल ग्रामीण इलाकों की ओर पहुंच रहा है। वहीं रात के वक्त मुख्य मार्ग पर विचरण करते हुए भी गजराजों का यह दल विचरण करता दिख रहा है।



शनिवार की मध्य रात्रि को छाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कीधा से खर्रागांव की ओर रूख करते गजराजों के एक बड़े दल की तस्वीर सामने आई। बताया जा रहा है कि हाथियों के इस दल ने ग्राम खर्रा निवासी कुंजलाल पटेल की खेत में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि हाथियों की लगातार बढ़ रही चहलकदमी को लेकर आस पास के ग्रामीणों को सर्तक रहने तथा जंगल की ओर नहीं जाने की अपील वन अमले द्वारा की जा रही है।

# दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिला के भटगांव से बिर्रा जाने वाले मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास दो बाइक में आमने सामने जबरदस्त भिंडत हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसे में दोनों घायलों को इलाज के लिए बिलाईगढ़ अस्पताल ले जाया गया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

### ■ भटगांव–बिर्रा पहुंच मार्ग पर हुआ हादसा

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नकुल अपनी बाइक में अपने साथी के साथ बिर्रा से भटगांव के तरफ आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी आमने सामने टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नकुल के साथ बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस घटना में दूसरा बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पर पहुंची और फिर दोनों घायलों को तत्काल बिलाईगढ़ अस्पताल ले जाया गया। जहां दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। घटनास्थल में पहुंची भटगांव पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# शहर में यातायात नियमों की हो रही अनदेखी

**जशपुरनगर।** यहां वहां जहां कही भी रोड पर रोककर तीन पहिया ऑटो खड़ा मिल जाएगा सड़क पर। अहम बात यह है कि अगर किसी ने कुछ कहा तो सारे ऑटो चालक मिलकर उसका मुंह बंद कर देते है। मुख्यतः रविवार को तो जैसे इन्हें मनमानी करने की छूट दे दी गई हो। कहीं भी, किसी भी स्थान पर ऑटो रोककर सवारी का इंतजार करने लगते है। जैसे इनके लिए कोई नियम बना ही न हो। न जाने कितनी बार लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके है।

प्रशासन ने पुराने संजय टाकीज के सामने ऑटो स्टैंड के लिए निर्धारित किया हुआ है। ऑटो वाले तो कही भी किसी भी जगह पर ऑटो रोक कर खड़े हो जाते है। ऑटो चालक सन्ना रोड में नया स्टैंड बना लिए है। जहां हमेशा दर्जनों की संख्या में ऑटो खड़े मिल जाएंगे। जिससे हमेशा सड़क में भारी वाहनों के आने जाने से रास्ता जाम हो जाता है। इसी तरह साप्ताहिक बाजार के पास भी ऑटो चालक यातायात को बाधित करने में नहीं चूकते।



### कार्रवाई की जाएगी

ऑटो चालकों के लिए बस स्टैंड के पास कॉलेज रोड मे स्टैंड के लिए जगह दी है है। उन्हें कई बार समझाइश दी गई है कि ऑटो नियत स्थान पर ही खड़ा करे। लेकिन बार बार समझाइश देने के बाद भी अगर नही मानते है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**आरएस पैकरा,** यातायात प्रभारी जशपुर

### श्रमिकों को कार्यस्थल पर ओआरएस का वितरण

**सारंगढ़- बिलाईगढ़।** परियोजना निदेशक हरशिकर चौहान ने श्रमिकों के स्वास्थ्य के लिए नई पहल किया है। इस नई पहल अंतर्गत पंचायत और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले में चल रहे विकास कार्यों के कार्य स्थल पर मितानिनों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कार्य स्थल पर श्रमिकों के लिए निःशुल्क ग्लूकोस, ओआरएस, शरबत इत्यादि मुहैया कराया जा रहा है, जिससे श्रमिकों को भीषण गर्मी में कार्य करते हुए थोड़ी राहत मिल सके। यह कार्य विकासखंड बिलाईगढ़ के कई ग्राम पंचायतों में किया गया।

# सुचेतना महिला समिति ने राहगीरों को किया शीतल पेय का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्ष पूनम मिश्रा एवं उनके सहयोगियों के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो से प्रेरित होकर, समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए एरायगढ़ क्षेत्र की सुचेतना महिला समिति की अध्यक्ष रीना पांडे एवं और उनके सदस्यों द्वारा शनिवार को कमला नेहरू गार्डन, रायगढ़ में सार्वजनिक प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। जिसमें लगभग 250 राहगीरों को फल, मिष्ठान, गन्ना जूस एवं शीतल पेय जल प्रदाय किया। पक्षियों के लिए छोटे छोटे घड़े पेड़ों पर लटकाए गए हैं एजिससे वे भीषण गर्मी में अपना प्यास बुझा सके। साथ में बेजुबान जानवरों के लिए भी पानी पीने की व्यवस्था की गई। जिससे वे भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सकें। लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते बाजार में आने वाले लोगों के लिए 45 दिन तक प्याऊ केंद्र खुला रहेगा। जिससे आने जाने वाले को भरपूर लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सुचेतना महिला समिति की अध्यक्ष रीना पांडे, सुनीता रॉय, सुजाता रॉय, वृंदा चौबे, उषा देवांगन, ज्योति राठौर, स्मृति श्रीवास्तव, कल्याणी प्रधान, किरण राम उपस्थित रही।



## रेलवे की ऐसी सेवाएं जिनसे यात्रियों की समस्याओं का हो सकता है निदान

# रिजर्व सीट पर कब्जा तो उलझे नहीं, करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे का सफर सस्ता और आरामदायक होने से अधिकतर यात्री ट्रेन से जाना ही पसंद करते हैं। यात्रा के दौरान कई बार समस्याएं खड़ी हो जाती है, लेकिन रेलवे ने इनके समाधान के लिए कुछ नंबर दिए हुए हैं। इनमें हेल्पलाइन नंबर 139 पर यात्रियों को कई समस्याओं से निजात मिल सकती है। इसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए।

रेलवे द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 139 को रेल मदद भी कहा जाता है। इस नंबर पर 12 भाषाओं में शिकायत की जा सकती है, जो आईवीआरएस और सीधे कॉल सेंटर के अधिकारियों से जुड़ कर की जा सकती है। यात्री इस नंबर से पूछताछ के साथ ही कई समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। अक्सर देखा जाता है कि सीट अलॉट होने के बावजूद अन्य यात्री हर कहीं आकर बैठ जाते हैं। इससे जिस यात्री को सीट अलॉट होती है वह परेशान होता है। कई बार झगड़े तक की नौबत आ जाती है। ऐसे में 139 पर शिकायत की जा सकती है। टीटी और आरपीएफ के जवान आकर जिस यात्री को सीट अलॉट हैए उसे वहां बिठाएंगे। स्टेशन पर फैली गंदगी और अन्य समस्याओं की शिकायत भी इसी नंबर पर की जा सकती है। किसी यात्री द्वारा शिकायत की गई है और वह अपनी शिकायत का स्टेटस जानना चाहता है तो 139 पर कॉल करके शिकायत की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है।



### पूछताछ भी की जा सकती है

139 नंबर पर रेल कहां चल रही है, माल पार्सल के बारे में पूछताछ के साथ ही की गई शिकायतों को ट्रैक भी किय जा सकता है यह सेवा नागरिकों को घटना की तारीख से 30 दिनों के भीतर चयनित घटना तिथि के लिए मालध्पार्सल आदि के बारे में पूछताछ और शिकायत की जा सकती है।

### 1323 पर मंगवा सकते हैं खाना

ट्रेन में सफर के दौरान यात्री आईआरसीटीसी के 1323 नंबर पर कॉल करके अपनी पसंद का खाना मंगवा सकते हैं। यह सेवा सुबह 6 से रात 10 बजे तक चलती है। जो यात्री को सीट पर ही भोजन उपलब्ध करवाती है। इसके अलावा यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर भी खाना बुक करवा सकते हैं।

### चार दिन तक हो सकती है शिकायत

इस नंबर पर यात्री चयनित घटनाओं की शिकायत कर सकता है। इसमें जिस दिन घटना हुई उसी दिन या बीते चार दिन की घटनाओं की शिकायत की जा सकती है। इसके लिए यात्रियों को ट्रेन नंबर के बाद अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम या पीएनआर नंबर दर्ज करने होंगे।

# यूजर्स चार्ज एकमुश्त लेने पर पार्षदों ने जताया विरोध

**रायगढ़।** नगर निगम द्वारा पांच साल का यूजर्स चार्ज एक मुश्त लिये जाने के विरोध में कांग्रेस पार्षदों ने निगम प्रशासन के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर परिषद में हुए पूर्व के निर्णय का पालन करते हुए सभी कर एक साथ लेने की बाध्यता समाप्त कर किश्तों में लेने की व्यवस्था करने की मांग की है। नगर निगम हमेशा से यूजर्स चार्ज वसूली को लेकर विवादों में रहा है। वर्तमान में संपत्तिकर, जल कर व अन्य करों के साथ पांच सालों का यूजर्स चार्ज एक साथ जोड़ कर लिया जा रहा है, जिससे एक बार फिर विवाद शुरू हो गया है। वहीं पूर्व में परिषद की बैठक में भी यह मुद्दा पार्षदों ने उठाया था जिसके बाद एक मुश्त टैक्स लेने के बजाय किश्तों में लिए जाने का निर्णय हुआ था लेकिन इसका पालन नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस पार्षदों ने निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंप कर परिषद के निर्णय का पालन करने की मांग की है। पार्षदों ने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि पांच साल का यूजर्स चार्ज एक मुश्त लिये जाने से जनता में आक्रोश है।चूंकि यूजर्स चार्ज सेवा कर है जिसमें डोर टू डोर कचरा कलेक्शन जहां नहीं हो रहा है वहां भी एक मुश्त चार्ज जोड़ कर लिया जा रहा है। परिषद की बैठक में सभी करों को अलग अलग लेने का निर्णय हुआ था लिहाजा उसका पालन करवाया जाए।

### ■ निगम प्रशासन के विरूद्ध खोला मोर्चा, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

19- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/19/2024 8:18 PM Page 1



## क्राइम फाइल

### हज पर जाने वाले जायरीनों का किया जाएगा सम्मानः हाजी अखलाक

**कोरबा।** हज यात्रा में जाने वाले जायरीनों का सुन्नी मुस्लिम जमात के तरफ से



इस्तेकबालिया सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। सम्मान समारोह 21 मई की दोपहर 12 बजे से जामा मस्जिद कोरबा में किया जाएगा। सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अखलाक की ओर से हर साल की तरह इस साल भी हज पर जाने वाले यात्रियों को एहराम, तस्बीह व किताब दिया जाएगा व लोगों हज की जानकारी दी जाएगी। सुन्नी मुस्लिम जमात सरपरस्त कारी सैय्यद शब्बीर अहमद असरफी ने बताया कि साल 628 में पैगंबर मोहम्मद साहब ने अपने 1400 अनुयायियों के साथ एक यात्रा शुरू की थी। ये यात्रा ही इस्लाम की पहली तीर्थयात्रा बनी जिसे बाद में हज कहा गया। हर साल दुनियाभर से सभी मुस्लिम सऊदी अरब हज के लिए पहुंचते हैं। हज में पांच दिन लगते हैं और ये बकरीद यानी ईद उल अज़्हा के नमाज़ और कुर्बानी के बाद पूरी होती है।

### लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहा छात्र स्वास्थ्य मंत्री से लगाई मदद की गुहार



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पाली के कक्षा 5वीं के छात्र प्रियांशु 10 वर्ष लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। उनका इलाज पहले एम्स रायपुर में चल रहा था, लेकिन अब उन्हें गहन चिकित्सा के लिए एम्स दिल्ली रेफर किया गया है। परिवार की मुश्किलें-प्रियांशु के पिता का निधन हो चुका है और उनकी माँ रोज़ी-मज़दूरी करके परिवार का पालन-पोषण करती हैं। इलाज के लिए अब तक कर्ज और जमापूंजी खर्च कर चुके हैं। आगे के इलाज के लिए धन की भारी आवश्यकता है। मदद की अपील-प्रियांशु के जीवन बचाने के लिए क्षेत्रवासियों से आर्थिक सहयोग की अपील की है।

### तालाब में तैरती मिली युवक की लाश, मर्ग कायम

**कोरबा।** बालको थाना अंतर्गत के रिसदा भदरापारा तालाब में एक युवक लाश मिली हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। युवक के शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक का नाम महेंद्र पाल सिंह बताया जा रहा हैं। जो नहाने के लिए तालाब की तरफ गया था। आशंका जताई जा रही हैं की वह नहाने के दौरान पानी में अधिक गहराई मे चला गया होगा,जिससे उसकी मृत्यु हो गई होंगी। वही मृतक की मां ने बताया कि वह सुबह उठकर नहाने जाने की तैयारी में जुट गया। कपड़े धोने की बात कहते हुए पहले वह पास स्थित दुकान में गया। उसके बाद उसे उसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं मिली। पड़ोसियों ने आकर बताया कि वह तालाब में डूब गया है।पुलिस घटनाक्रम की जानकारी ले परिजनों का बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही हैं।

### प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी और आबंटन कल से

**कोरबा।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्राइवेट स्कूलों में आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन और भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में लॉटरी एवं आबंटन की कार्यवाही 20 मई से 30 मई तक की जाएगी। इसके बाद स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक चलेगी। आरटीई के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार द्वितीय चरण के लिए नये स्कूल पंजीयन आवेदन और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा। वहीं छात्र पंजीयन आवेदन 1 जुलाई से 8 जुलाई तक होगा। इसके बाद नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई तक की जाएगी। लॉटरी एवं आबंटन का कार्य 17 जुलाई से 20 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई तक की जाएगी। वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जा सकेगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों, संभागीय शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है, कि आरटीई अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने संबंध में अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण और मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए।

## रूंगटा कंपनी के वाहन चालकों ने किया गेवरा जीएम दफ्तर का घेराव

# प्रतिमाह 25 हजार का वादा और अब काम कराने के बाद बदला इरादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी रूंगटा के कर्मियों ने काम बंद कर जीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। ठेका श्रमिकों का आरोप है कि रूंगटा कंपनी अपने वर्करों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दर पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। कंपनी द्वारा आधा वेतन खाते में और शेष राशि नगद दी जा रही है। 25 हजार प्रतिमाह के वादे के विपरीत वेतन भी कम दिया जा रहा है।

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन से वेतन विसंगति को लेकर शिकायत भी की गई है। बावजूद इसके प्रबंधन चुप्पी साध रखी है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने मोर्चा खोल दिया और शनिवार को वाहन चालकों ने अपनी मांगों को लेकर एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर दिया। चालकों ने बताया कि काफी लंबे समय से रूंगटा कंपनी में काम कर रहे हैं। इसकी चार और कंपनियां हैं, जो कोयला उत्खनन का काम करती है। सभी कंपनी में अलग-अलग कर्मचारी हैं, जिनका वेतन अलग-अलग है। ऐसे में समान वेतन सबको नहीं मिल पा रहा है और न हीं उनको ईएसआईसी जैसी कोई मेडिकल सुविधा मिल पा रही है। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि रूंगटा कंपनी खदान के भीतर कोयले का खनन काम करती है। ठेका कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से खदान के भीतर उत्खनन का काम पूरी तरह से ठप हो गया है। खदान के भीतर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। उनका यह भी आरोप है कि उनका जो पीएफ काटा जा रहा है, वह भी अधिक है।



जीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते रूंगटा कंपनी के ठेका श्रमिक।

**18 सौ की बजाय पीएफ में 36 सौ कटौती**

ठेका श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि उनका जो पीएफ काटा जा रहा है, वह भी अधिक है। कायदे से 18 सौ रूपए प्रतिमाह कटना चाहिए पर 36 सौ रूपए की दोगुनी राशि काट ली जाती है। पूछने पर कहते हैं कि सरकार के नियम के अनुसार ही कटौती की जा रही है। किसी को 15 हजार तो किसी को 18 हजार वेतन दिया जाता है। इसके पहले भी कंपनी के ठेका श्रमिकों ने मार्च 2024 में कोल माइंस अधिनियम, समान वेतन और मेडिकल की सुविधा दिए जाने की मांग को लेकर पहले दो खदान में काम बंद कर दिया, फिर गेवरा सीजीएम कार्यालय के सामने धरना दिया था अब चालकों ने मोर्चा खोल दिया है

# भालू के हमले से दो महिला गंभीर रूप से घायल



घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टापरा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर भालू ने हमला कर दिया। जंगल में दो भालू के हमले में महिलाए गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण महिलाएं तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर गयी थी। इसी बीच एकाएक भालुओं ने उन पर हमला कर दिया, उक्त भिडंत में महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई है। बताया जा रहा हैं की हमले में चंद्रमति कंवर नामक महिला निवासी ग्राम टापरा के दोनों पैर में भालुओं ने गहरे घाव कर दिए है। वहीं अन्य महिला फूल कुंवर नामक महिला के बाएं जांघ में हमला किया है। पूरे घटना की सुचना ग्रामीणों द्वारा डायल 112 को दी गई, जिसके बाद मौके पर त्वरित रूप से आरक्षक रोहित पाटले 262 एवं चालक पुर्णेश गवेल ने पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल के लिए रवाना किया जहां घायलों का उपचार जारी है।

# एसईसीएल कर्मी के मकान में चोरी



चोरी के बाद घर में बिखरा सामान।



खोजी डाग की मदद लेते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में सतनाम चौराहा के पास एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने आभूषण और नगदी रकम पार कर दी। वैवाहिक समारोह से लौटने पर एसईसीएल कर्मी को इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मौके का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक एसईसीएल में राममिलन यादव कार्यरत हैं जो अपने परिवार के साथ मानिकपुर क्षेत्र के सतनाम चौराहा के पास निवास करते हैं। उसके रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम था। राममिलन यादव ने बताया कि शुक्रवार की रात अपने परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में ग्राम कनकी भादा गए हुए थे। शनिवार की सुबह पड़ोसियों ने फोन कर जानकारी दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जब घर जाकर देखा तो अंदर के चारों कमरे का ताला टूटा हुआ था। किचन भी खुला हुआ मिला। लगभग ढाई लाख का सोना-चांदी समेत नगदी की चोरी हुई है। एसईसीएल कर्मी राममिलन ने बताया कि दो अलमारी से लगभग ढाई लाख का सोना-चांदी समेत नगदी रकम लेकर गए हैं। चोरों ने तीन लाख का माल पार कर दिया है। मौके से 370 ग्राम चांदी के आभूषण और लगभग 10 ग्राम सोने के आभूषण के अलावा 10 हजार नगद भी चोरों के द्वारा चोरी किए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस प्रभारी अमर जायसवाल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और जांच कार्रवाई शुरू की। परिजनों से पूछताछ करने के बाद चोरों को पकड़ने डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। मानिकपुर चौकी पुलिस इस मामले में जल्द ही आरोपियों तक पहुंचाने की बात कह रही है।संदेह के आधार पर कुछ युवकों को हिरासत में लिया। मानिकपुर चौकी पुलिस प्रभारी अमर जायसवाल ने बताया कि डॉग बाघा ने पड़ोसी के घर से होते हुए आसपास मोहल्ले में गया, जिससे आसपास और बस्ती में रहने वाले कुछ युवकों पर संदेह है। संदेह के आधार परकुछ युवकों को पकड़ा गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

**खास बात**

- शादी में शामिल होने कनकी गया था परिवार, मानिकपुर चौकी क्षेत्र क मामला

# हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरी कटघोरा मार्ग पर एक वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर दुर्घटाकारित वाहन चालक की पतासाजी शुरु कर दी है।

छुरी निवासी केशव चौहान अपनी बाइक में सवार होकर कटघोरा की तरफ जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात हाइवा चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल होने के बाद केशव चौहान को उपचार के लिए कटघोरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया, बावजूद इसके उसकी जान नहीं बच सकी। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम कर उसकी तलाश की जा रही है।

**खास बात**

- कटघोरा छुरी मार्ग पर हुआ हादसा



मृतक केशव चौहान।

### अनियंत्रित कार शटर तोड़ते हुए घुसी घर में, चालक घायल

**कोरबा।** उरगा थाना अंतर्गत पहंदा गांव में एक तेज रफ्तार कार घर का शटर तोड़ते हुए भीतर जा घुसा। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई। घर राजू कुर्रे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है,कि कार को एक विकलांग चला रहा था, जिसने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और हादसा हो गया। हादसे में विकलांक चालक को चोट लगी है, जिसे स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया है। वहीं हादसे के दौरान घर पर मौजूद बाइक को नुकसान पहुंचा है।

### नाले में गिरा ट्रक, बाल बाल बचा चालक

**कोरबा।** कुसमुंडा के लक्ष्मण नाले के पास एक सड़क हादसा हुआ है, जहां एक खाली ट्रक सड़क से उतरकर नाले में जा गिरा। हादसे का सुखद पहलु यह रहा, कि ट्रक सड़क के दांयी और नहीं पलटा नहीं तो कई कच्चे और पक्के मकान उसकी चपेट में आ सकते थे। बताया जा रहा है, कि ट्रक चालक शॉर्टकट के चक्कर में कच्ची सड़क पर आ गया, जहां से दोपहिया वाहन होकर गुजरते है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को कड़ी फटकार लगाई। ऐसे चालकों के खिलाफ पुलिस को सख्ती से पेश आना चाहिए,ताकी गलत रास्ता चुनने से पहले चालक सौ बार सोचे।

# शादी से पहले ही दूल्हा पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी प्रेमिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले प्रेमी को किसी दूसरी लड़की से विवाह रचाना महंगा पड़ गया। जैसे ही प्रेमिका को इस बात की भनक लगी कि उसका प्रेमी धोखा देकर किसी अन्य युवती से विवाह कर रहा है उसने पुलिस से शिकायत कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया।

सक्ति निवासी नंदलाल निषाद का विवाह रायगढ निवासी एक युवती से होने जा रहा था। इसी बीच नंदलाल की प्रेमिका को इसकी जानकारी हुई कि उसका प्रेमी किसी अन्य युवती से विवाह रचाने जा रहा है। इसके बाद वह युवती सिविल लाईन थाना रामपुर पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। इसके बाद शादी का झांसा देकर युवती के साथ दैहिक शोषण करने के बाद किसी दूसरी युवती के साथ विवाह रचाने जा रहे युवक को सीविल लाईन पुलिस ने सक्ती के डभरा से गिरफ्तार किया।

आरोपी नंदलाल निषाद जिसकी बारात शनिवार को रायगढ़ के लिए निकलने ही वाली थी, इस बीच पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस सक्ती पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 376 का अपराध कायम किया गया है।



आरोपी युवक।

**खास बात**

- शादी का झांसा देकर युवती के साथ संबंध बनाने के बाद किसी दूसरी युवती से करने जा रहा था विवाह

### लापता बालक को पुलिस ने मिलाया परिवार से

**कोरबा।** कटघोरा बस स्टैंड में एक लगभग 7 वर्षीय लक्की नाम का बच्चा मिला जो अपने माता-पिता का नाम-पता नहीं बता पा रहा था। कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी के निर्देश पर थाना कर्मचारियों ने शहर में लगातार उसके परिजनों का पता लगाया, किन्तु कुछ पता नहीं चला। इसके पश्चात बच्चे को चाइल्ड सेंटर सुरक्षित रखने हेतु भेजा गया।

# 6 लोगों से 66 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आबकारी विभाग की टीम को मुखबीर से सूचना मिली थी कि धवईंपुर और ग्राम पोड़ी में अवैध महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम नकली खरीदार बनकर महुआ शराब की खरीदी के बहाने दबिश देकर दोनों जगहों से 66 लीटर महुआ शराब व 6 सौ किलो महुआ लाहान जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबाकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में शनिवार को वार्ड क्रमांक 10 धवईंपुर थाना कटघोरा में नकली खरीदार बनकर महुआ शराब की खरीदारी कर पुष्टि के बाद चमार राय, फूलसिंह धनुहार, दिलहरण और सीमाबाई इसी तरह नकली खरीदार के माध्यम से महुआ शराब की खरीदारी कर पुष्टि पश्चात ग्राम पोड़ी निवासी रामचरण और नीराबाई से कुल 66 लीटर महुआ शराब एवं 600 किलो महुआ लाहान बरामद की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क,ख,च) 34 (2) 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कर दिया गया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल, आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल, सुकांत पांडेय, श्रीमती दीपमाला नागदेव, नारायण कंवर, मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, राजीव जायसवाल, संजय गुप्ता आबकारी आरक्षक दशराम सिदार, सिमोन मिंज़, सुरेश यादव, शिवकुमार वैष्णव, शरीफ खान, हेमप्रकाश डनसेना, नगर सैनिक प्रजेश सिंह, राजेश दुबे, कुंदन चंद्रा एवं अंबिका, दीपिका का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## विद्युत कंपनी के गारेपलमा कोल ब्लॉक से नहीं हो रही पर्याप्त कोयले की आपूर्ति

# मड़वा संयंत्र में 40 फीसदी अधिक दर पर खरीदना पड़ रहा कोयला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के गारेपलमा स्थित कोयला खदान से पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं हो पाने की वजह से मड़वा संयंत्र प्रबंधन को लिकेंज के निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर एसईसीएल से कोयला खरीदना पड़ रहा है। जिसकी वजह से विद्युत कंपनी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले मड़वा ताप विद्युत संयंत्र में विद्युत कंपनी के रायगढ़ जिले में स्थित गारेपलमा कोयला खदान से कोयले की आपूर्ति की जाती है। पिछले कुछ दिनों से विद्युत कंपनी के गारेपलमा कोल ब्लॉक से कोयले के उत्पादन में गिरावट देखने को मिल रही है जिसकी वजह से मड़वा संयंत्र में पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यहां बताना होगा कि विद्युत कंपनी के गारेपाल्मा कोल ब्लॉक में कोयला उत्खनन व मड़वा संयंत्र तक कोल परिवहन की जिम्मेदारी आडानी कंपनी को दी गई है।



मड़वा संयंत्र में पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं होने से संयंत्र प्रबंधन द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से कोयला आपूर्ति की मांग की गई। जिसपर एसईसीएल प्रबंधन ने बिना अनुबंध के लिकेंज के दर पर कोयला आपूर्ति नहीं करने की बात कही थी। विद्युत कंपनी के अन्य संयंत्रों में अनुबंध के मुताबिक एसईसीएल द्वारा निर्धारित लिकेंज के दर पर कोयले की आपूर्ति की जाती है।

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा निर्धारित दर पर कोयला आपूर्ति नहीं किए जाने पर आखिरकार विद्युत कंपनी प्रबंधन ने एसईसीएल को अधिक दर पर कोयला खरीदने की पेशकश की। जिसके बाद अब एसईसीएल से निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर कोयला खरीदा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो एचटीपीपी संयंत्र में एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा 2 हजार पर मिट्रिक टन के हिसाब से कोयले की आपूर्ति की जाती है। वहीं मड़वा संयंत्र के लिए निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर कोयला खरीदना पड़ रहा है। अधिक दर पर कोयला खरीदी करने से उत्पादन कंपनी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- दो हजार मीट्रिक टन के दर से 40 फीसदी अधिक देनी पड़ रही राशि

### दहेज, ससुराल वालों पर अपराध दर्ज

**कोरबा।** विवाह के बाद पांच लाख नगद व कार नहीं देने पर पति, सास समेत तीन लोगों के विरूद्ध प्रताड़ित किए जाने का आरोप विवाहिता ने लगाया है। मामले को पुलिस ने विवेचना में लिया है। पोड़ी बहार निवासी विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह चार दिसंबर 2022 को सामाजिक रीति रिवाज से बुधवारी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों के बाद दहेज के नाम पर सास, पति व देवर द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसने आरोप लगाया कि सास उसे लगातार परेशान करती थी और जब इसकी जानकारी पति को दी, तब पति भी अपनी मां का पक्ष लेते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करता। साथ ही शादी के दौरान दहेज में पांच लाख रुपए या फिर कार नहीं देने की बात कहते हुए प्रताडित करते।

19- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/19/2024 8:19 PM Page 1



# ऐश्वर्या, कियारा और उर्वशी ने ढाया कहर

## कान्स फिल्म फेस्टिवल



**पेरिस।** 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ऐश्वर्या राय बच्चन अपना जादू चला रही हैं। दूसरे दिन उन्होंने अपने स्टाइलिश लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ऐश्वर्या राय ने चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले दिन के लुक से खूब लाइमलाइट बटोरीं तो वहीं अब एक्ट्रेस के दूसरे दिन का लुक भी चर्चा में बना हुआ है। अपनी खूबसूरती ही नहीं बल्कि फैशन सेंस के लिए भी दुनियाभर में मशहूर ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन बहुत ही यूनिक गाउन पहना हुआ था। पिछले 22 साल से कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने स्टाइल और डिफरेंट आउटफिट से लोगों का दिल जीतने वाली भारतीय अभिनेत्री ऐश्वर्या राय का दूसरे दिन का लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एकदम नए लुक में नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या ने कांस के सेकंड डे अपीयरेंस में सिल्वर और ब्लू कलर का गाउन पहना था, जिसमें वह बला की खूबसूरत दिख रही हैं।



### रौतेला पिंक गाउन में दिखीं सुपर स्टाइलिश

इन-दिनों उर्वशी रौतेला कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए फ्रेंच रिवेरा में हैं। एक्ट्रेस ने रेड कार्पेट पर वॉक किया। पिंक गाउन में वह बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। उर्वशी रौतेला ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में खालिद एंड मारवान लेबल की ओर से डिजाइन किए गए गुलाबी गाउन में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की। गाउन के चारो ओर फेदर लगे हुए थे, वहीं उन्होंने माथे पर हेयरबैंड लगाया हुआ था।

### यूनिक गाउन से खींचा ध्यान

पहले दिन मोनोक्रोमैटिक गाउन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचने वाली ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन अपने सिल्वर और ब्लू कलर के यूनिक गाउन में अपनी अदाओं से एक बार फिर महफिल लूट ली। एक हाथ में चोट लगे होने के बावजूद ऐश्वर्या राय बच्चन ने रेड कार्पेट पर अपने लुक्स से सभी को दीवाना बना दिया।

### आन्या टेलर जॉय-क्रिस हेम्सवर्थ ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।

## टीवी मसाला

### तारक मेहता के 'रोशन सिंह सोढ़ी' 25 दिन बाद घर वापस लौटे...


**मुंबई।** लोकप्रिय टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी की भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्ध गुरुचरण सिंह, जो 22 अप्रैल से लापता थे। शुक्रवार को घर लौट आए हैं। कई दिनों तक गायब रहने के बाद अभिनेता खुद ही वापस घर लौट आए हैं। परिवार वालों ने दिल्ली में उनकी गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज करवाई थी। वापस लौटने पर सोढ़ी से पुलिस ने पूछताछ की। दिल्ली पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था और अभिनेता की तलाश के लिए जांच चल रही थी। पुलिस के मुताबिक गुरुचरण ने पूछताछ के दौरान अधिकारियों को बताया कि वह अपना सांसारिक जीवन छोड़ चुके हैं और धार्मिक यात्रा पर हैं। पुलिस ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वह अमृतसर और लुधियाना जैसे कई शहरों में गुरुद्वारों में रुके थे, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उसे घर लौट जाना चाहिए। 22 अप्रैल को अभिनेता को दिल्ली से मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। हालांकि, वह फ्लाइट में नहीं चढ़े और लापता हो गए। उनका फोन नंबर 24 अप्रैल तक सक्रिय था, जिसके जरिए कई लेनदेन किए गए थे, जैसा कि पुलिस जांच से पता चला है। जिस दिन वह लापता हुए, उस दिन के सीसीटीवी फुटेज में अभिनेता को अपनी पीठ पर एक बैग लेकर चलते हुए देखा गया है।



### जीत का जज्बा लेकर 'खतरों के खिलाड़ी 14' में जा रही हैं शिल्पा

**मुंबई।** 'खतरों के खिलाड़ी 14' का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रोहित शेट्टी के इस रोमांचकारी शो में टीवी के सितारे खतरों से खेलते हुए दिखाई देते हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को लेकर भी चर्चाओं का बाजार अक्सर गर्म रहता है। इस बार शिल्पा शिंदे भी शो में शिरकत करने वाली हैं। अभिनेत्री ने शो में हिस्सा लेने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा। शिल्पा शिंदे से पूछा गया कि शो के लिए वह कैसे तैयारी कर रही हैं। इस पर अभिनेत्री ने कहा, मैं अच्छा खाना खा कर और अच्छी नींद लेकर तैयारी कर रही हूं क्योंकि मुझे नहीं पता कि वहां कैसा खाना मिलेगा। तो मैं उससे एनर्जी ले रही हूं। बाकी मैं वहां जाने के लिए काफी उत्सुक हूं और अब आगे देखते हैं कि क्या होता है।





## गजगामिनी चाल देख फैंस हुए दीवाने

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार में अदिति राव की एक्टिंग का हर कोई दीवाना हो गया है। सीरीज में अदिति के रोल को बेहद पसंद किया गया। अब उनके रोल से भी ज्यादा वायरल हो रही है उनकी गजगामिनी चाल। एक्ट्रेस ने वायरल हो रही अपनी वीडियो क्लिप पर रिएक्ट किया है। खास बातचीत में अदिति राव हैदरी ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि इस चाल को क्या कहते हैं क्योंकि भरतनाट्यम डांसर के रूप में उन्होंने ऐसा कभी कुछ नहीं सीखा था। उन्होंने बताया कि इस वॉक को संजय लीला भंसाली ने उनसे करने को कहा था। अदिति ने कहा, "वो किसी से पूछना चाहती हैं, संजय सर, मेरे डांस टीचर कि ये क्या है। क्या ये गजगामिनी चाल या स्वान वॉक है। यह कौन सी वॉक है जो मुझे नहीं पता है।"



## 'बाहुबली' के कटप्पा बनेंगे पीएम मोदी

**मुंबई।** साउथ अभिनेता सत्यराज अपनी दमदार अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। वे कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। उन्होंने प्रभास अभिनीत फिल्म फ्रेंचाइजी 'बाहुबली' में कटप्पा का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। यह सत्यराज के करियर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका थी। वहीं, अब चर्चा है कि सत्यराज एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर अभिनेता की अगली फिल्म को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वे अगली बार बायोपिक में नजर आने वाले हैं और खबर है यह कि बायोपिक में सत्यराज वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, ये अफवाहें इंटरनेट पर तेजी से फैली हुई हैं। अभी इन खबरों की पुष्टि होना बाकी है।

## करियर की खातिर इन अभिनेत्रियों ने छुपाई पहचान नाम बदलकर फैंस के दिलों पर कर रहीं राज

*__मुंबई।__ टीवी अभिनेत्रियों के चाहने वाले बॉलीवुड अभिनेत्रियों से कम नहीं हैं। टीवी हसीनाओं के भी लाखों में फैंस हैं, जिन्हें उनके बारे में हर बात जानने की खूब दिलचस्पी रहती है। सोशल मीडिया पर इन अभिनेत्रियों की तस्वीरें आते ही छा जाती हैं। मगर इन अभिनेत्रियों को ये पहचान यूं ही हासिल नहीं हुई है। इसके लिए इन्होंने कड़ी मेहनत की है। तब जाकर ये मुकाम हासिल हुआ है। वहीं, कई अभिनेत्रियों ने तो करियर की खातिर अपना नाम तक बदल दिया है। आज हम इस लेख में उन्हीं अभिनेत्रियों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने अपने अभिनय करियर के लिए नाम बदल लिया। तो चलिए जानते हैं...*



**अंकिता लोखंडे :** टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक अंकिता लोखंडे का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अंकिता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' से अंकिता को पहचान मिली थी। मगर उनके बारे में ये बहुत कम लोग जानते होंगे कि उनका नाम पहले तनुजा लोखंडे था। उन्होंने बाद में अपना नाम अंकिता रखा।



**रश्मि देसाई :** टीवी अभिनेत्री और बिग बॉस 13 फेम रश्मि देसाई का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अभिनेत्री दो बार अपना नाम बदल चुकी हैं। बचपन में उनका नाम शिवानी था, जिसे बदलकर बाद में उनकी मम्मी ने दिव्या नाम रख दिया था। मगर पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के लिए अभिनेत्री ने अपना फिर से नाम बदल दिया और रश्मि देसाई रख लिया।



**दलजीत कौर :** टीवी अभिनेत्री दलजीत कौर का नाम भी इसमें शामिल हैं। वह भी अपना नाम बदल चुकी हैं। दलजीत कौर का नाम पहले दीपा कौर था। अभिनय करियर की शुरुआत से दलजीत ने अपना नाम बदलकर दलजीत कौर रख लिया था। अभिनेत्री को सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' से पहचान मिली थी।



**अनिता हसनंदानी :** अनिता हसनंदानी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अनिता किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई बड़े सीरियल में अपने अभिनय का दमखम दिखाया है। वह कई बॉलीवुड फिल्मों में भी बतौर लीड एक्ट्रेस काम कर चुकी हैं। जब उन्होंने अभिनय करियर की शुरुआत की तब उनका नाम नताशा हसनंदानी था, जिसे बदलकर बाद में उन्होंने अनिता हसनंदानी कर लिया था।



**निया शर्मा :** टीवी की सबसे बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक निया शर्मा का नाम भी इसमें शामिल है। निया का नाम इंडस्ट्री में आने से पहले निशा शर्मा था। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले अपना नाम निशा से बदलकर निया शर्मा रख लिया था।

## एक्स बॉयफ्रेंड ने लीक किए प्राइवेट वीडियो

**मुंबई।** पूनम पांडे इंडस्ट्री की कंट्रोवर्शियल एक्ट्रेस-मॉडल में से एक हैं। वो अकसर ही किसी ना किसी विवाद की वजह से हेडलाइंस में रहती हैं। एक बार सोशल मीडिया पर उनका बाथरूम वीडियो लीक हुआ था। पूनम के प्राइवेट वीडियो ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सालों बाद अब उन्होंने लीक वीडियो के बारे में बात की है। एक्ट्रेस का कहना है कि उनके साथ ऐसी गंदी हरकत किसी और ने नहीं, बल्कि खुद उनके बॉयफ्रेंड ने की थी। यूं तो सोशल मीडिया पर पूनम पांडे की कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल होते रहते हैं, लेकिन जब सोशल मीडिया पर उनका बाथरूम वीडियो लीक हुआ, तो हर ओर हड़कंप मच गया था। इस वीडियो को यूट्यूब ने ब्लॉक कर दिया था। पूनम ने लीक वीडियो के बारे में बात करते हुए कहा- सोशल मीडिया पर वो वीडियो उनके एक्स बॉयफ्रेंड ने शेयर किया था। इंटरव्यू में उन्होंने कहा- मुझे आज भी याद है और मैं इसे कभी नहीं भूल पाऊंगी। हम एक-दूसरे से लड़ रहे थे और मुझे खुद को बचाना था। लड़ाई के दौरान उसने ट्रिमर उठाया और मेरे बालों को ट्रिम करने जा रहा था। पर किसी तरह मैंने उससे ट्रिमर छीना और कमरे से भाग निकली। पूनम कहती हैं कि उस लड़ाई के बाद एक्स बॉयफ्रेंड ने उनके प्राइवेट वीडियोज लीक करने की धमकी दी।



## खबर संक्षेप

### गुरुकुल विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र में संचालित एनटीपीसी लारा इंटरनेशनल गुरूकुल स्कूल में कक्षा 10 वीं में दर्ज सभी 14 छात्रों ने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें छात्र प्रिंस पटेल 95.6 प्रतिशत सर्वाधिक अंक हासिल किया है वहीं अन्य छात्र आयुष सिन्हा 92.8, रमणदीप आहुजा 92.40, हंसिका 89.80, विनय रेड्डी 89.60 तथा सुमी पंडा 89 प्रतिशत अंक अर्जित किए है। उक्त परिणाम को लेकर स्कूल के प्राचार्य डा. बी नागराजा नायक एवं समस्त शिक्षकों ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बताया जाता है कि नागराजा नायक अपने नेतृत्व और निरंतर प्रोत्साहन से छात्रों को उनकी पुरी क्षमता को प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है चूंकि छात्रों को प्रत्येक कदम पर मार्गदर्शन मिलता रहता है। विद्यालय के प्रभारी संत मुक्तवल्लभदास ने इस उपलब्धि पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय के लिए यह गर्व और सम्मान के क्षण है जिसे सभी छात्रों के साथ स्कूल प्रबंधन को बनाए रखने की नैतिक जिम्मेदारी है।

### सारंगढ़ में निःशुल्क खेल प्रशिक्षण आज से

**सारंगढ़।** खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के इच्छुक बच्चों, खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। यह 21 दिवसीय प्रशिक्षण खेलभांठा सारंगढ़ में 20 मई से 10 जून तक किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में बैडमिंटन, फुटबॉल, कराटे, एथलेटिक्स, वालीबॉलए क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण खेल विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। इस निःशुल्क प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए खेल प्रभारी अधिकारी कौशल ठेठवार को 9977115799, खेल प्रशिक्षक राजाराम उरांव 8889110879 और मोहन कैवर्त को 9907911443 से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### फूड संबंधी शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**सारंगढ़।** खाद्य और औषधि प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन 9340597097 जारी किया गया है। बर्फ फैक्ट्री में सैकरीन का उपयोग करने से मितली आती है। इस कारण आइस्क्रीम खाने पर उल्टी, मितली आने की स्थिति में लेबलिंग नहीं पाने, किसी भी प्रोडक्ट में एक्सपायरी डेट नहीं लिखने, होटल, ढाबा, ठेला द्वारा खाद्य लाइसेंस, पंजीयन नहीं और साफ सफाई की कमी होने पर इसके साथ साथ दवाई, खराब, नुकसानदेह, जहरीला, बासी, सड़े गले फल, मूल, मांस, मछली, खाद्य एवं पेय पदार्थ से सम्बंधित कोई भी शिकायत के लिए आम नागरिक हेल्पलाइन नम्बर 9340597097 पर संपर्क कर सकते हैं। शिकायत मिलने पर तत्काल जांच होगी।


## निधन

### घनश्याम प्रसाद स्वर्णकार



**रायगढ़।** चक्रधर नगर छोटे अतरमुड़ा निवासी अक्षय कुमार स्वर्णकार के पिता घनश्याम प्रसाद स्वर्णकार का 18 मई की शाम 5.40 बजे अपने निवास स्थान पर दुखद देहांत हो गया। स्व घनश्याम की अंतिम यात्रा रविवार सुबह 9 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम पंजरी प्लांट के लिए निकली जहां वैदिक परंपरा से अंतिम संस्कार किया गया।

### पुष्पादेवी अग्रवाल



**रायगढ़।** जामगांव निवासी नंदकिशोर अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल का शनिवार को शाम 4 बजे स्वर्गवास हो गया। वे काफ़ी समय से अस्वस्थ चल रही थी। वे अपने पीछे तीन सुपुत्र सुनील, अनिल, मुरारी और एक सुपुत्री ऋतु अग्रवाल सहित नाती पोते से भरापूरा परिवार रोता बिलकता छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा 19 मई रविवार को सुबह 09 बजे उनके निवास स्थान जामगांव से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई और जामगांव में उनका अंतिम संस्कार हुआ।

### जिले में रोजाना सड़क दुर्घटना में जा रही लोगों की जान

# 3 सड़क दुर्घटनाओं में 5 बाइक सवारों की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों का चक्काजाम



लैलूंगा में घटित दुर्घटना के मृतक का शव निकालते लोग।



तमनार में भारी वाहन से दबकर बाइक सवार की मौत।



दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर ग्रामीणों का चक्काजाम।

> जिले में रोजाना सड़क हादसे की खबरें सुर्खियां बन रही हैं। दिन पर दिन इन आकड़ों में इज़ाफा देखने को मिल रहा है। इन हादसों में जान गवाने वालों की बढ़ती संख्या यहां के प्रशासन व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। रायगढ, तमनार, लैलूंगा घरघोडा, रोजाना जगह बदल जाती है लेकिन सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**रायगढ।** दो अलग अलग सड़को हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई। एक घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र की है, वहीं दूसरी घटना तमनार थाना क्षेत्र की है। तमनार में बाइक सवार की मौत के बाद ग्रामीणों ने शव को सड़क पर चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन किया जा रहा है।

बता दें कि तमनार थाना क्षेत्र ग्राम लिबरा के समीप तेज रफ्तार भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई है। मृतक का नाम दिवाकर गुप्ता बताया जा रहा है जो मूलतः समकेरा के रहने वाले हैं। जिनकी शादी लिबरा के कुधरीपारा से हुई है और वह बीते कई वर्षों से खुद का मकान बनाकर लिबरा में ही रहते थे। रविवार को वह अपने बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आ गया। ग्रामीणों की माने तो मृतक तालाब की ओर संभवतः जा रहा था होगा, तभी सड़क पर तेज गति से आ रही गाड़ी की चपेट में आ गया होगा। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया है। गाड़ियों की रफ्तार और लगातार हो रहे हादसों का विरोध जताया जा रहा है। मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की जा रही है।

इसी प्रकार दूसरी घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुबरा निवासी खुलेश्वर पैंकरा, विजय भोय व लक्ष्मण चौहान शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम सुबरा से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 यूएच 6073 से गेरूपानी जा रहे थे। इसी बीच ग्राम कर्राहन के पास स्थित एक पुलिया समीप उनकी मोटरसाइकिल पेड़ से टकरा गई। जिससे बाइक सवार तीनों लोगों की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक अपेक्षाकृत अधिक गति में थी, जिसकी वजह से बाइक चला रहे युवक ने नियंत्रण खो दिया और यह हादसा हो गया। इस दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और 112 की टीम के माध्यम से शव को लैलंगा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां पोस्टमार्टम के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### वैवाहिक कार्यक्रम में जाने निकले बाइक सवार की मौत, बेटा गंभीर



शादी कार्यक्रम में शामिल होने एक ग्रामीण अपने मासूम बेटे के साथ जा रहा था, इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर पेंड से टकराकर जंगल में घुस गईए जिससे गंभीर चोट लगने से पिता की मौत हो गई तो वहीं उसका बेटा गंभीर है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पतरापाली पूर्व निवासी प्रदीप भोय पिता योगेंद्र भोय 29 वर्ष का ससुराल पुसौर के बासनपाली में शादी कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने के लिए शनिवार को सुबह करीब सात बजे अपने तीन वर्षीय पुत्र लोचन प्रसाद भोय को अपनी हीरो बाइक क्रमांक सीजी.13 एएल2006 में बैठाकर जा रहा था। इस दौरान सुबह 7.30 बजे आसपास कोसमपाली जंगल के पास पहुंचा तो उसकी बाइक की गति अधिक तेज होने के कारण वह अनियंत्रित हो गया और सडक़ किनारे एक पेंड से टकराते हुए उसकी बाइक जंगल के अंदर झाडियों में घुस गई और पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल पड़े थे। ऐसे में जब आसपास के ग्रामीण उधर पहुंचे तो उसके कराहने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे तो दोनों बेड के काटें में बुरी तरह से फंसे हुए थे। जिससे उन्हें निकालते हुए इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दियाए जिससे दोनों को पहले लोईंग अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने प्राथमिक जांच कर दोनों को रेफर कर दिया। जिससे तत्काल मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों की टीम ने प्राथमिक जांच में ही प्रदीप भोय को मृत घोषित कर दिया, वहीं उसका तीन वर्षीय पुत्र लोचन की भी स्थिति गंभीर थी, जिसे रेफर किया गया है, जिससे उसे मेट्रो अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। वहीं अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। इधर प्रदीप भोय की सडक़ हादसे में मौत की सूचना मिलते ही उसके ससुराल में चल रहे शादी कार्यक्रम मातम में बदल गई। ऐसे में शादी में शामिल होने वाले रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए थे, जहां पीएम होने के बाद वापस लौटे और जैसे तैसे कर शादी कार्यक्रम को निपटाने में जुट गए, परिजनों का कहना था, कि प्रदीप की शादी अभी पांच साल पहले ही हुई थी, ऐसे में दामाद की मौत हो जाने से ससुराल पक्ष भी काफी दुखी है।

## ठेकेदार के कार्यालय से सुरक्षा गार्ड चोरी कर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ 20 दिन पहले ही शुरू की थी ड्यूटी, पुलिस कर रही खोज

सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चांदनी चौक स्थित सिविल कांट्रैक्टर सुनील रामदास के आफिस में बीते शनिवार की रात आफिस के सुरक्षा गार्ड ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया और नगदी समेत मोटरसाइकिल, लैपटॉप, मोबाइल, नकदी व अन्य सामान समेटकर फरार हो गया। पुलिस आरोपी गार्ड की खोजबीन में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी ठेकेदार और बीजेपी नेता सुनील रामदास के चांदनी चौक स्थित कार्यालय में गगन सिक्योरिटी एजेंसी के द्वारा सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। करीब तीन सप्ताह पहले सुरक्षा एजेंसी ने मोहम्मद सलमान नाम के गार्ड को सुनील रामदास के कार्यालय में भेजा था। जहां सुरक्षा करने पहुंचे गार्ड की नीयत पैसा देखकर बदल गई और उसने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। कार्यालय में पदस्थ स्टाफ ने बताया कि बीते शनिवार की रात दिन की ड्यूटी करने के बाद सलमान ने छुट्टी नहीं की और रात के गार्ड को छुट्टी पर भेज दिया। कंपनी के कर्मचारी विजय मिंज ने बताया कि वह कंपनी के काम से अपनी मोटरसाइकिल लेकर शनिवार की रात ऑफिस आया था। रात अधिक होने के कारण ऑफिस के ऊपर बने गेस्ट रूम में जाकर सो गया। सुबह जब उसकी नींद खुली तब उसके सिरहाने से उसका मोबाइल गायब था उसके बाद उसने अपना पैंट देखा तब पैंट के जेब में रखा 7.8 हजार रुपए भी गायब था। जब वह नीचे आया और कार्यालय के दूसरे स्टाफ को उठाया इस दौरान उन्होंने देखा कि कार्यालय का सामान बिखरा पड़ा है और कार्यालय में रखा लैपटॉप, दानपेटी, दराज में रखा नकदी पैसा और आफिस परिसर में खड़ी मोटरसाइकिल भी गायब थी। विजय के बताए अनुसार उसके बाद उन्होंने आफिस का सीसीटीवी फुटेज देखा तब मोहम्मद सलमान गाड़ी लेकर आफिस से बाहर निकलता दिखाई दिया।

जिसके बाद घटना कि सूचना आफिस कर्मचारियों द्वारा संचालक को दी गई। थाना कोतवाली में सूचना करने के बाद कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जानकारी यह भी सामने आ रही है आफिस के पार्किंग से चोरी बाइक रेलवे स्टेशन से पुलिस को मिली है जबकि आफिस के सुरक्षा में तैनात गार्ड भी नदारद है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए आरोपी गार्ड की पतासाजी में जुट गई है और पूंछताछ कर रही है।

## नवीन के पक्ष में कुरूक्षेत्र में प्रचार कर रहे महेश

**खरसिया।** खरसिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे बीजेपी नेता महेश साहू अपने साथियों के साथ इन दिनों उद्योगपति नवीन जिंदल के पक्ष में उनके संसदीय क्षेत्र हरियाणा कुरुक्षेत्र में चुनाव प्रचार में व्यस्त है। महेश साहू कुरूक्षेत्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की लोकहितैषी योजनाओं को जन जन से अवगत कराकर इस सीट पर नवीन जिंदल के विजय का मार्ग सरल बनाने की दिशा में खूब मेहनत कर रहे है।




## कलेक्टर गोयल ने सपरिवार किया लैलूंगा के माड़ों मंदिर का दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लैलूंगा



कलेक्टर कार्तिकेय गोयल रविवार को अपने परिवार के साथ लैलूंगा के माड़ो मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने लैलूंगा क्षेत्र के ग्राम माडो पहुंचकर पहाड़ों के बीच में सृजन गुफाओं का निरीक्षण किया साथ यहां स्थित शिव मंदिर में पूरे परिवार के साथ पूजा अर्चना कर गांव वालों के साथ काफी लंबी चर्चा की।

इस दौरान गांव वालों के मांग अनुसार उन्होंने शिव मंदिर सहित माड़ो गुफा के नाम से प्रचलित इस जगह को पर्यटन के रूप में विकसित करने की बात कही है। वही पानी की समस्या एवं बिजली की व्यवस्था करने प्रशासन एवं जिला प्रशासन जिला पंचायत से जितेंद्र यादव को भी मौके पर ही प्रोजेक्ट तैयार करने का निर्देश दिए गए हैं साथ ही सरपंच सचिव और पटवारी को जल्द से जल्द प्रोजेक्ट बना कर भेजने के लिए आदेशित किए। इसके बाद कलेक्टर कार्तिकेय गोयल अपने परिवार के साथ लैलूंगा स्थित उद्यान पहुंचकर उद्यान का जायजा लिया।



### कराटे चैम्पियनशिप में संस्कार को गोल्ड मैडल

**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने कराटेबाज ने ऑलइंडिया ओपन नेशनल कराटे चैम्पियनशिप 2024 में गोल्ड सहित 3 मेडल जीतकर रायगढ़ जिले का परचम लहराया है। संस्था की प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि अपने समय के शानदार खिलाड़ी रहे रामचन्द्र शर्मा के निर्देशन में संस्कार स्कूल की खेलकूद शिक्षिका श्रीमती कांति मानिकपुरी के प्रशिक्षण से विगत दिनों भिलाई में आयोजित हुई ऑलइंडिया नेशनल कराटे चैम्पियनशिप 2024 में छत्तीसगढ़ सहित कर्नाटक, मध्यप्रदेश एवं पंजाब के खिलाडियों ने सहभागिता की। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में संस्कार पब्लिक स्कूल के 3 विद्यार्थियों ने सहभागिता कीए जिसमें 3 को ही मेडल प्राप्त हुए।

## पांच सट्टेबाजों से 16 हजार नकद 4 मोबाइल, 3 कैलकुलेटर जब्त

**रायगढ़।** चक्रधरनगर क्षेत्र में पांच स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखते 05 आरोपी- रवि देवांगन, महेश जायसवाल, दिनेश पटेल, शिव विश्वकर्मा और विजय यादव को पकड़ा है जिससे 16,630 रुपए नगद, 04 मोबाइल, 03 कैलकुलेटर, पेन और सट्टा-पट्टी की जप्ती की गई है। आरोपियों पर थाना चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। सट्टा-पट्टी पर अंकुश लगाने आगे भी पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में सट्टा रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, संजय तिवारी, सुमन चौहान आरक्षक नरेंद्र भारद्वाज, कोमल तिवारी तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, आरक्षक महेश पंडा, पुष्पेंद्र जाटवर, नवीन शुक्ला, और विक्रम सिंह शामिल थे। सट्टा रेड में पकड़े गए आरोपी रवि देवांगन पिता स्वर्गीय महेत्तर लाल देवांगन उम्र 45 साल निवासी गोपालपुर कोरियादादर थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़, महेश जायसवाल पिता रेशम लाल जायसवाल उम्र 24 साल निवासी बंगाली क्वार्टर संजय नगर थाना चक्रधरनगर, दिनेश पटेल पिता लक्ष्मण पटेल उम्र 40 साल निवासी नवागढ़ी राजापारा थाना कोतवाली जिला रायगढ़, शिव विश्वकर्मा पिता महेत्तर विश्वकर्मा उम्र 31 साल निवासी शहीद चौक पुराना बडपारा थाना कोतवाली रायगढ़, विजय यादव पिता स्वर्गीय बजरंग यादव उम्र 37 साल निवासी गोपालपुर कोरिया दादर थाना चक्रधरनगर नगर जिला रायगढ़।



## ढाबा से 390 लीटर डीजल जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** 18 मई को प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम द्वारा डीजल का अवैध भंडारण की सूचना पर कार्यवाही किया गया है। प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सेन्द्रीपाली का मुकेश साहू और ताराचंद पटेल द्वारा क्षेत्र में चलने वाले भारी वाहन चालकों से कम दामों में डीजल खरीद कर मुकेश साहू अपने ढाबा पर तथा ताराचंद पटेल अपने घर में बिना लाइसेंस भंडारण कर अवैध रूप से बिक्री किया जाता है।

सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर के बताए दोनों स्थानों पर रेड कार्यवाही किया गया। संदेही मुकेश साहू के ढाबा से पुलिस ने गवाहों के समक्ष 40-40 लीटर क्षमता वाले दो जरकिन एवं 50 लीटर क्षमता वाला एक जरकिन में कुल 130 लीटर डीजल 11,700 व एक खाली जरीकेन एवं प्लास्टिक का बडा चाडी जप्त किया गया। वहीं ग्राम सेन्द्रीपाली के ताराचंद पटेल के घर अंदर कमरे से 40 लीटर क्षमता वाले चार जरीकेन और 50 लीटर क्षमता वाले दो जरीकेन में कुल 260 लीटर डीजल 23,400 एवं मौके से 40 एवं 200 लीटर क्षमता वाले खाली ड्रम जरीकेन, एक प्लास्टिक का बडा चाडी जप्त किया गया है। आरोपी ताराचंद पटेल पिता मिलाप पटेल उम्र 25 वर्ष एवं आरोपी मुकेश कुमार साहू पिता राजकुमार साहू उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सेन्द्रीपाली से पुलिस ने कुल 390 लीटर डीजल कीमती 35,100 का जब्त किया गया है। आरोपियों द्वारा आवश्यक एवं ज्वलनशील पदार्थ डीजल का उपेक्षापूर्ण भंडारण और बिक्री करने के कृत्य पर आरोपियों के विरुद्ध थाना खरसिया क्रमशः अपराध क्रमांक 310, 311 धारा 285 आईपीसी 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही किया गया है।

## गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण से ग्रामीणों में नाराजगी

**सरसीवां।** सारगंढ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के गांव नवीन ग्राम पंचायत तौलीडीह का है जहां केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी रोजगार गारंटी योजना के तहत तौलीडीह से धनगांव जाने वाली पहुंच मार्ग पर 9 लाख रुपए का मिट्टी मुरूम कार्य रोजगार सहायक सचिव और सरपंच द्वारा किया है। जहां ग्राम पंचायत तौलीडीह के रोजगार सहायक सचिव नंदकुमार साहू और नवीन ग्राम पंचायत के तत्कालीन सरपंच पुरूषोत्तम साहू द्वारा 9 लाख रुपए के तहत बनने वाली 1000 मीटर मिट्टी मुरूम की सड़क पहुंच मार्ग तौलीडीह से धनगांव जाने वाली पहुंच मार्ग पर बनने वाली सड़क पर जमकर भ्रष्टाचार करने का अनुमान है। इस मार्ग पर रोजगार सचिव द्वारा ट्रैक्टरों से आधे रास्ते में ही मिट्टी मुरूम गिरवाया गया है। जिसकी वजह से तौलीडीह पहुंच मार्ग से धनगांव जाने आने वाले राहगीर मोटर साइकिल चालकों और छोटे वाहन वालों को रोड में बिछें मिट्टी मुरूम से आपने वाहनों को नुक़सान झेलना पड़ रहा है। सड़क निर्माण में अधूरे कार्य के कारण छुटपुट दुर्घटनाएं घटित होने लगी है। केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी रोजगार गारंटी योजना पर रोज़गार सचिव और सरपंच द्वारा काम कम और जेबें भरने का कार्य जायदा कर रहे हैं। जबकि केन्द्र सरकार सभी जिलों के ग्राम पंचायतों पर रोज़गार गारंटी काम के लिए दिल खोल कर पैसा दे रही है। ताकि ग्राम पंचायत में रहने वाले लोग रोजगार गारंटी योजना का लाभ ले सकें और रोजगार गारंटी योजना में मेहनत मजदूरी कर अपने घर बार चला सके। रोजगार सहायक सचिव और सरपंच द्वारा अपने गांव में विकास न करवा कर तौलीडीह पहुंच मार्ग को उबड़ खाबड़ छोड़ कर शासन की इस योजना को ठेंगा दिखा रहे है। जबकि बिलाईगढ़ जनपद पंचायत का नवीन ग्राम पंचायत तौलीडीह है जहां सरपंच पुरूषोतम साहू तत्कालीन सरपंच है। जबकि इस ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक सचिव बहुत ही पुराने हैं। जहां सचिव और सरपंच दोने ने मिलकर 9 लाख रुपए से बनने वाली मिट्टी मुरूम की सड़क को दो माह से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी सड़क पूरी नहीं कर सके हैं।

कैंसर सर्जरी पश्चात अंगों का पुन:निर्माण (जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)